कार्यालयः सचिव, उच्च शिक्षा विभाग,उत्तराखण्ड शासन, देहरादून

संख्या–370702/XXIV-C-1/2026-E-33407/12(01)2012, दिनांक 13 फरवरी, 2026

विज्ञप्ति

श्री देव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय, बादशाहीथौल, टिहरी गढ़वाल में कुलपति के पद पर नियुक्ति किये जाने हेतु श्री देव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय अधिनियम 2011 की धारा 10(1) में उल्लिखित प्राविधानों के अन्तर्गत कुलपति के 01 पद नियत वेतनमान ₹2,10,000.00 एवं विशेष भत्ता ₹11250.00 कुल ₹2,21,250.00 पर नियुक्त किये जाने हेतु आवेदन पत्र आंमत्रित किये जाते है।

2. सर्वोच्च स्तर की सक्षमता, सत्यनिष्ठता, नैतिकता और संस्था के प्रति प्रतिबद्धता सम्पन्न व्यक्ति को ही कुलपति नियुक्त किया जाएगा। कुलपति के रूप में नियुक्त किए जाने वाला व्यक्ति एक विश्वविद्यालय में कम से कम 10 वर्षों के लिये आचार्य के रूप में अनुभव या एक प्रतिष्ठित अनुसंधान या शैक्षणिक प्रशासनिक संगठन में शैक्षणिक नेतृत्व के साक्ष्य के साथ 10 वर्षों के अनुभव के साथ एक विशिष्ट शिक्षाविद् हो।

3. विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तिथि को कुलपति पद हेतु आवेदन करने वाले व्यक्ति की आयु 65 वर्ष से अधिक न हो।

4. उपरोक्तानुसार अर्हताएं पूर्ण करने वाले पद धारक/आवेदक उक्त शर्तों के आधार पर अर्हता से सम्बन्धित समस्त अभिलेखों सहित अपनी जन्मतिथि, आचार्य पद पर नियुक्ति आदेश तथा योगदान की तिथि, आचार्य पद पर वेतनमान से सम्बन्धित प्रमाण–पत्रों की छायाप्रति के साथ–साथ अनिवार्य रूप से निर्धारित प्रारूप पर आवेदन एवं संलग्न घोषणा–पत्र को पूर्ण रूप से भर कर विज्ञप्ति निर्गत होने की तिथि से दिनांक **10.03.2026 सांय 6:00 बजे तक सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, उत्तराखण्ड शासन के सुभाष चन्द्र बोस भवन के प्रथम तल स्थित कार्यालय कक्ष संख्या–13, सचिवालय परिसर, 04 सुभाष रोड, देहरादून** में स्पीड/पंजीकृत डाक अथवा व्यक्तिगत रूप से अथवा ई–मेल **vcselectionhighereducation@gmail.com** के माध्यम से जमा कर सकते हैं। उक्त अवधि के उपरान्त प्राप्त होने वाले आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

5. कुलपति पद हेतु आचार्य पद पर अनुभव एवं अर्हता की गणना दिनांक **31.01.2026** तक की जायेगी। निर्धारित प्रारूप तथा निर्धारित समय–सीमा के भीतर प्राप्त न होने वाले आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा।

निर्धारित प्रारूप

नाम व पता	जन्म तिथि	विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि को आयु	शैक्षिक योग्यता	वर्तमान में धारित पद	प्रोफेसर एवं समकक्ष पद पर कार्यभार ग्रहण करने की तिथि	शिक्षण/पूर्व में धारित पद (से–तक) का अनुभव			प्रशासनिक अनुभव			पुरस्कार/पेटेंट/मान्यता	प्रकाशन/शोधकार्य	टिप्पणी
						पद	अवधि		पद	अवधि				
							से	तक		से	तक			
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15

डॉ० रंजीत कुमार सिन्हा, सचिव
उच्च शिक्षा विभाग, उत्तराखण्ड शासन